प्रश्न पत्र की रूपरेखा

अर्थशास्त्र

अंक : 100 | **समय : 3 घंटे**

1. **उद्देश्यवार भार**

उद्देश्य	अंक	प्रतिशत
ज्ञान	30	30
बोध	50	50
अभिव्यक्ति	20	20

2. **प्रश्नों के प्रकार के अनुसार भार**

प्रकार	प्रश्नों की संख्या	अंक	कुल अंक	उत्तर देने का अनुमानित समय
निबंधात्मक प्रश्न (Essay)	5	8	40	60
लघु उत्तर प्रश्न : SA - II	9	4	36	54
SA - I	8	2	16	32
अति लघु उत्तर प्रश्न (VSA)	8	1	8	16

3. **विषय इकाइयों के अनुसार भार**

इकाई/उप-इकाई		अंक	
अनिवार्य मॉड्यूल			
I	अर्थव्यवस्था	10	
II	सांख्यिकीय आंकड़ें और विधियां	16	
III	राष्ट्रीय आय	15	
IV	व्यष्टिगत अर्थशास्त्र	15	
V	सरकार और भारतीय अर्थव्यवस्था	12	
VI	भारत में नियोजन	12	80
ऐच्छिक मॉड्यूल			
समूह 'क'			
VII	भार. के आर्थिक विकास में कृषि और उद्योग	10	
VIII	आर्थिक और सामाजिक बुनियादी सुविधाएं	10	
समूह 'ख'		या	
IX	भारत का भुगतान संतुलन	10	
X	जनसंख्या	10	20
			100

प्रारूप (ब्लू प्रिंट)

अधिकतम अंक : 100 | समय : 3 घंटे

उद्देश्य क्र.स. विषय इकाई	ज्ञान नि	 लउ	 अलउ	बोध नि	 लउ	 अलउ	अभिव्यक्ति नि	 लउ	 अलउ	योग
अनिवार्य मॉड्यूल 1. अर्थव्यवस्था		4(1)			2(1) 4(1)					10
2. सांख्यिकीय आंकड़े और विधियां		4(1)	1(2)		2(1)		8(1)			16
3. राष्ट्रीय आय		2(1)	1(1)	8(1)				4(1)		15
4. व्यष्टिगत अर्थशास्त्र		2(1)	1(1)		4(1)			4(2)		15
5. सरकार और भारतीय अर्थव्यवस्था			1(2)	8(1)	2(1)					12
6. भारत में नियोजन	8(1)				4(1)					12
ऐच्छिक माड्यूल **समूह 'क'**										
7. भारत के आर्थिक विकास में कृषि और उद्योग				8(1)	2(1)					10
8. आर्थिक और सामाजिक बुनियादी सुविधाएं		2(1)	1(2)		4(1) 2(1)					10
या **समूह 'ख'**										
9. भारत का भुगतान संतुलन				8(1)	2(1)					10
10. जनसंख्या		2(1)	1(2)		2(1) 4(1)					10
उप-योग	8	14	8	24	26	–	8	12	–	
योग		30			50			20		100

टिप्पणीः कोष्ठक में प्रश्न संख्या और उनके बाहर अंक हैं।

सारांश				कुल अंक
निबंध (नि)		संख्या : 5	अंक : 8	40
लघुत्तर (लउ)	II	संख्या : 9	अंक : 4	36
	I	संख्या : 8	अंक : 2	16
अति लघुत्तर (अलउ)		संख्या : 8	अंक : 1	8
				100

प्रश्न-प्रत्र का नमूना

अर्थशास्त्र

समयः 3 घंटे

अधिकतम अंक : 100

नोटः 1. इस प्रश्न-पत्र के दो भाग हैं। भाग-अ 'अनिवार्य मॉड्यूल (core modules)' और भाग-ब 'ऐच्छिक मॉडयूल (optional modules)' में से है।

2. भाग-अ में से सभी प्रश्नों का और भाग-ब में से केवल एक समूह का उत्तर दीजिए।

3. एक अंक वाले प्रश्न का उत्तर एक या दो वाक्यों में; 2 अंक वाले प्रश्न का उत्तर लगभग 30 शब्दों में; 4 अंक वाले प्रश्न का उत्तर लगभग 60 शब्दों में और 8 अंक वाले प्रश्न का उत्तर लगभग 120 शब्दों में होना चाहिए।

भाग-अ

1. बहुवचन में सांख्यिकी से आप क्या अर्थ समझते हैं? 1
2. एक वर्ग का मध्य मूल्य क्या होता है? 1
3. देश की मुद्रा पूर्ति के **दो** संघटक बताइए। 1
4. भारत में एक रुपए से अधिक के करेंसी नोट कौन जारी करता है? 1
5. साधन आय की परिभाषा दीजिए। 1
6. सीमांत आगम की परिभाषा दीजिए। 1
7. लास्पेयर विधि और पाशे विधि में आधारभूत अंतर बताते हुए भारित सूचकांक ज्ञात करने के सूत्र भी बताइए। 2
8. वैध मुद्रा क्या होती है? क्या बैंक जमा एक वैध मुद्रा है? कारण बताइए। 2
9. खुली अर्थव्यवस्था और बंद अर्थव्यवस्था क्या होती है? 2
10. एकीय उपयोग उत्पादक वस्तुओं और टिकाऊ उपयोग उत्पादक वस्तुओं में अंतर बताइए। 2
11. सीमांत आगम और सीमांत लागत से संबंधित एक फर्म द्वारा अधिकतम लाभ प्राप्त करने की **दो** शर्तें बताइए। 2
12. अर्थशास्त्र के कोई **दो** ऐसे महत्त्वपूर्ण क्षेत्र बताइए जिनमें आंकड़ों की सबसे अधिक आवश्यकता होती है। संक्षेप में समझाइए। 4
13. वर्ष 1991 के बाद से भारत में कोई **दो** राजकोषीय नीति सुधार समझाइए। 4
14. निम्नलिखित आंकड़ों से राष्ट्रीय आय ज्ञात कीजिएः

	(करोड रु.)
(i) मध्यवर्ती उपभोग का मूल्य	300
(ii) स्थिर पूंजी का उपभोग	50
(iii) अप्रत्यक्ष कर	40
(iv) आर्थिक सहायता	10
(v) उत्पादन का मूल्य	500
(vi) विदेशों से प्राप्त शुद्ध साधन आय	5

4

15. भारतीय अर्थव्यवस्था की कोई **चार** विशेषताएं बताइए। 4

16. अर्थव्यवस्था की कोई **दो** केन्द्रीय समस्याएं समझाइए। 4

17. मांग आधिक्य की अवधारणा को रेखाचित्र की सहायता से समझाइए। 4

18. पूर्ति के सिद्धांत को रेखाचित्र की सहायता से समझाइए। 4

19. स्थिर लागतों और परिवर्तनशील लागतों के बीच अंतर बताइए। प्रत्येक का एक-एक उदाहरण दीजिए। 4

20. पद विचलन विधि द्वारा समांतर माध्य $(\bar{x})$ की गणना कीजिए। 8

अर्थशास्त्र में प्राप्त अंक	विद्यार्थियों की संख्या
1–7	2
7–13	5
13–19	7
19–25	6

21. भारत में आर्थिक नियोजन के कोई **चार** उद्देश्य समझाइए। 8

22. सरकारी बजट से क्या अभिप्राय है? बजट नीति के कोई **तीन** उद्देश्य समझाइए। 2 + 6

23. निम्नलिखित में अंतर बताइएः
    (i) चालू कीमतों पर राष्ट्रीय आय और स्थिर कीमतों पर राष्ट्रीय आय।
    (ii) मध्यवर्ती उत्पाद और अंतिम उत्पाद।
    प्रत्येक का एक-एक उदाहरण भी दीजिए। 4 + 4

भाग-ब

नोटः समूह 'क' या समूह 'ख' में से किसी एक समूह के प्रश्नों का उत्तर दीजिए।

समूह 'क'

24. अर्थव्यवस्था में सामाजिक बुनियादी सुविधाओं के कोई **दो** संघटक बताइए। 1

25. भारत में वर्ष 1990-91 में जन्म के समय जीवन की प्रत्याशित आयु क्या थी? 1

26. भूमि की उत्पादकता कैसे मापी जाती है? उदाहरण दीजिए। 1 + 1

27. भारत में ऊर्जा के कोई चार नवीनीकरण स्रोत बताइए। 2

28. मुद्रा बाजार और पूंजी बाजार के बीच अंतर बताइए। 2

29. भारत में जल परिवहन के कोई **दो** महत्त्व समझाइए। 4

30. भारतीय अर्थव्यवस्था में उद्योगों की महत्त्वपूर्ण भूमिका के पीछे कोई **चार** कारण बताइए। 8

या

समूह 'ख'

31. भारत में निम्न लिंग अनुपात के पीछे कोई **दो** कारण बताइए। 1

32. जनसंख्या घनत्व का क्या अर्थ है? 1

33. व्यापार संतुलन और चालू खाते के संतुलन के बीच अंतर बताइए। 2

34. भारत में ऊँची जन्म दर को रोकने के लिए कोई **दो** उपाए बताइए। 2

35. भारत में ऊंची जन्म दर के कारण होने वाली कोई **दो** समस्याएं बताइए। 2

36. विकासशील देशों में आर्थिक संवृद्धि, जनसंख्या की वृद्धि दर को ऊंचा कैसे करती है? समझाइए 4

37. भारत में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश के लाभ व हानियां समझाइए। 8

उत्तर संकेत और अंक योजना

नोटः दिए गए उत्तर संकेत सुझाव मात्र हैं। ये सम्पूर्ण नहीं है। किसी भी अन्य सही उत्तर या व्याख्या को उचित अंक दिए जाते हैं।

भाग-अ

1. बहुवचन में सांख्यिकी का अर्थ है सांख्यिकीय आंकड़ें। 1

2. यह वर्ग की निचली सीमा (L_1) और ऊपरी सीमा (L_2) की साधारण औसत है, यानि $\frac{L_1 + L_2}{2}$। 1

3. (i) जनता (बैंकों को छोड़कर) के पास नोट और सिक्के। ½

   (ii) वाणिज्य बैंकों के पास मांग जमाएं। ½

4. देश का केन्द्रीय बैंक (या, भारतीय रिज़र्व बैंक)। 1

5. साधन आय उत्पादन साधन के स्वामी को प्राप्त होने वाली वह आय है जो उत्पादन इकाई को सेवाएं देने के बदले में मिलती हैं। 1

6. बिक्री में एक इकाई की वृद्धि से प्राप्त कुल आगम में होने वाली वृद्धि सीमांत आगम कहलाती है। 1

7. लास्पेयर सूत्र : $P = \frac{\sum p_1 q_o}{\sum p_o q_o}$ ½

   पाशे सूत्र : $P = \frac{\sum p_1 q_1}{\sum p_o q_1}$ ½

   लास्पेयर सूचकांक आधार वर्ष को भार (यानि q_o) और पाशे सूचकांक में चालू वर्ष को भार (यानि q_1) के रूप में प्रयोग होता है। 1

8. जिस मुद्रा के पीछे यह कानूनी आश्वासन होता है कि वह भुगतान के रूप में स्वीकार हो जाएगी वह वैध मुद्रा कहलाती है, उदाहरणतः करेंसी नोट। 1

   बैंक जमा वैध मुद्रा नहीं हैं क्योंकि चैक द्वारा भुगतान करना अस्वीकार भी हो सकता है। 1

9. बंद अर्थव्यवस्था वह है जिसका शेष विश्व के साथ कोई आर्थिक संबंध नहीं होता। 1

   खुली अर्थव्यवस्था वह है जिसका शेष विश्व से आर्थिक संबंध होता है। 1

10. एकीय उपयोग उत्पादक वस्तुएँ वे होती हैं जो उत्पादन में केवल एक ही बार प्रयोग होती हैं।

    टिकाऊ उपयोग उत्पादक वस्तुएँ वे होती हैं जो उत्पादन में बार-बार प्रयोग होती हैं। 2

11. लाभ अधिकतम करने की दो शर्तें हैंः

    (i) सीमांत आगम और सीमांत लागत एक समान हो। 1

    (ii) 'सीमांत आगम = सीमांत लागत' के स्तर पर उत्पादन की एक इकाई में वृद्धि से सीमांत आगम, सीमांत लागत से कम हो। 1

12. कोई दोः

    (i) आर्थिक सिद्धांत को अनुमोदित या अस्वीकार करने के लिए।

    (ii) अर्थव्यवस्था की संरचना को प्रदर्शित करने के लिए।

    (iii) नियोजन के लिए।

    (iv) विकास के कार्यक्रमों और सरकारी नीतियों की सफलता के मूल्यांकन के लिए।

    विवरण = 1 + 1

    व्याख्या = 1 + 1

13. **कोई दो**
   (i) उत्पादन शुल्क में कमी
   (ii) प्रत्यक्ष करों की दर में कमी
   (iii) सरकारी व्यय में कमी
   (iv) सरकारी पूंजी का विक्रय

विवरण = 1 + 1
व्याख्याएं = 1 + 1 4

14. राष्ट्रीय आय

राष्ट्रीय आय	=	उत्पादन का मूल्य	500	
	–	मध्यवर्ती उपभोग का मूल्य	300	
	=	बाजार कीमत पर सकल घरेलू उत्पाद	200	1
	–	स्थिर पूंजी का उपभोग	50	
	=	बाजार कीमत पर शुद्ध घरेलू उत्पाद	150	1
	–	अप्रत्यक्ष कर	40	
	+	आर्थिक सहायता	10	
	=	साधन लागत पर शुद्ध घरेलू उत्पाद	120	1
	+	विदेशों से शुद्ध साधन आय	5	
	=	साधन लागत पर शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद	125	1

15. कोई **चार** विशेषताएं:
   (i) आय का नीचा स्तर
   (ii) कृषि की प्रधानता
   (iii) पूंजी की कमी
   (iv) प्रौद्योगिक पिछड़ापन
   (v) अपर्याप्त बुनियादी सुविधाएँ
   (vi) जनसंख्या वृद्धि की ऊँची दर
   (vii) निरक्षरता की ऊँची दर
   (viii) ऊँची शिशु मृत्यु दर 1 × 4

16. कोई दो केन्द्रीय समस्याएं:
   (i) क्या उत्पादन करें और कितनी मात्रा में करें ?
   (ii) कैसे उत्पादन करें ?
   (iii) किसके लिए उत्पादन करें ?

विवरण = 1 × 2
व्याख्याएं = 1 × 2

17. किसी कीमत पर जब वस्तु की मांग उसकी पूर्ति से अधिक होती है तो यह मांग आधिक्य की स्थिति कहलाती है।



रेखाचित्र में OP प्रति किलोग्राम कीमत पर आलुओं की मांगी गई और पूर्ति की गई मात्रा क्रमशः OQ और OQ[1] है। अतः BC मांग आधिक्य है।

विवरण = 1
रेखाचित्र = 1½
रेखाचित्र का विवरण = 1½

18. पूर्ति का सिद्धांत बताता है कि वस्तु की पूर्ति को प्रभावित करने वाले अन्य कारकों के अपरिवर्तित रहने पर, एक वस्तु की कीमत और उसकी पूर्ति के बीच प्रत्यक्ष संबंध होता है।



पूर्ति वक्र बाएं से दांए ऊपर की ओर उठता हुआ होता है। इससे कीमत और पूर्ति के बीच प्रत्यक्ष संबंध का पता चलता है। बिन्दु A पर कीमत OP है और पूर्ति OQ है। जब कीमत बढ़ कर OP^1 हो जाती है तो पूर्ति भी बढ़कर OQ^1 हो जाती है।

विवरण = 1
रेखाचित्र = 1½
रेखाचित्र का विवरण = 1½

19. स्थिर लागत वह लागत है जो उत्पादन में परिवर्तन के साथ नहीं बदलती। परिवर्तनशील लागत वह लागत है जो उत्पादन में परिवर्तन के साथ-साथ बदलती है। 1½ + 1½

उदाहरण,

स्थिर लागत : कारखाने के भवन का किराया आदि। ½

परिवर्तनशील लागत : कच्चे माल की लागत आदि। ½

20. अंक	मध्य मूल्य (X)	विद्यार्थियों की संख्या (f)	dx = (X – A) (A = 10)	पद विचलन dxi = dx/6	fdxi
1-7	4	2	–6	–1	–2
7-13	10	5	0	0	0
13-19	16	7	+6	+1	7
19-25	22	6	+12	+2	12
		Σf=20			Σfdxi=+17

$$\overline{X} = A + \frac{\sum fdxi}{\sum f} \times i = 10 + \frac{17}{20} \times 6$$

$$= 10 + 5.1 = 15.1 \text{ अंक}$$

तालिका = 4
सूत्र = 1
सूत्र में मूल्य रखना = 2
सही उत्तर 1

नोटः यदि केवल उत्तर लिखा गया हो तो कोई अंक नहीं दिया जाएगा।

21. नियोजन के कोई **चार** उद्देश्यः

(i) आर्थिक संवृद्धि को गति प्रदान करना

(ii) आर्थिक असमानताओं में कमी लाना

(iii) आत्मनिर्भरता

(iv) संतुलित क्षेत्रीय विकास

(v) आधुनिकीकरण विवरण = 1 × 4

(vi) बेरोजगारी में कमी लाना व्याख्या = 1 × 4

22. सरकारी बजट एक विवरण है जिसमें एक वित्तीय वर्ष के दौरान सरकार के अनुमानित व्ययों और इन व्ययों को पूरा करने के लिए वित्तीय साधनों को जुटाने का ब्यौरा होता है। 2

बजट नीति के कोई तीन उद्देश्य

(i) देश को प्रभावी प्रशासन देना।

(ii) रोजगार के अवसर प्रदान करना।

(iii) बुनियादी सुविधाएं प्रदान करना।

(iv) कीमतों में स्थिरता लाना।

(v) आय की असमानताएँ कम करना।

(vi) आर्थिक संवृद्धि को प्रोत्साहन देना। विवरण = 1 × 3

(vii) भुगतान संतुलन में घाटे को ठीक करना। व्याख्या = 1 × 3

23. (i) राष्ट्रीय आय ज्ञात करने के लिए हम पहले उत्पादन का मूल्य ज्ञात करते हैं जो उत्पादन की मात्रा को कीमत से गुणा करने पर ज्ञात होता है। मान लीजिए, हम वर्ष 1991 व 1992 की राष्ट्रीय आय मालूम करना चाहते हैं। जब हम 1991 के उत्पादन को 1991 की कीमतों से और 1992 के उत्पादन को 1992 की कीमतों से गुणा करें तो चालू कीमतों पर राष्ट्रीय आय ज्ञात होगी। यदि हम दोनों वर्षों के उत्पादन का मूल्य किसी चुने हुए वर्ष की कीमतों के आधार पर ज्ञात करें तो यह स्थिर कीमतों पर राष्ट्रीय आय कहलाएगी। मान लीजिए, यह चुना हुआ वर्ष 1981 है और इसी वर्ष की कीमतों से हम वर्ष 1991 और 1992 दोनों के उत्पादनों को गुणा करते हैं, तो ये स्थिर कीमतों पर राष्ट्रीय आय के अनुमान कहलाएंगे। 4

(ii) वे वस्तुएं और सेवाएं जो एक उत्पादन इकाई, अन्य उत्पादन इकाइयों से पुनः विक्रय के लिए खरीदती है, मध्यवर्ती उत्पाद कहलाते हैं। उदाहरण के लिए, एक आटा मिल द्वारा गेहूं खरीदना, मिल के लिए मध्यवर्ती उत्पाद है।

वे वस्तुएँ और सेवाएं जो उपभोग तथा निवेश के उद्देश्य से खरीदी जाती हैं, न कि पुनः बेचने के उद्देश्य से, अंतिम उत्पाद कहलाते हैं। उदाहरण के लिए, एक कारखाने द्वारा मशीन की खरीद अंतिम उत्पाद है क्योंकि यह निवेश करने के उद्देश्य से खरीदी गई है।

परिभाषा = 1 + 1

उदाहरण = 1 + 1

भाग – ब

समूह 'क'

24. कोई दोः

शिक्षा, चिकित्सा सुविधाएं, सफाई, आवास, पेय जल आपूर्ति, ऊर्जा आदि। ½ × 2 = 1

25. 58.7 वर्ष 1

26.

$$\text{भूमि की उत्पादकता} = \frac{\text{फसल उत्पादन}}{\text{फसल के अधीन क्षेत्र}} \quad 1$$

$$= \frac{\text{45 क्विंटल}}{\text{क्विंटल प्रति हैक्टेयर}}$$

= 9 क्विंटल प्रति हैक्टेयर 1

27. नवीनीकरण संसाधन (कोई चार)

जल विद्युत शक्ति, उपले, कृषि अपशिष्ट पदार्थ, सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, ज्वार ऊर्जा, आदि। ½ × 4 = 2

28. वे स्रोत जो मुद्रा की अल्पकालीन मांग पूरी करते हैं मुद्रा बाजार की परिधि में आते हैं। 1

वे स्त्रोत जो मुद्रा की मध्यम व दीर्घकालीन मांग पूरी करते हैं, पूंजी बाजार की परिधि में आते हैं। 1

29. कोई दोः

(i) सबसे सस्ता

(ii) बड़ी क्षमता

(iii) विदेशी व्यापार सुविधाजनक बनाता है

(iv) कोई वातावरण संबंधी जोखिम नहीं।

विवरण = 1 + 1

व्याख्या = 1 + 1

30. कोई चारः

(i) उपभोग के लिए वस्तुओं का उत्पादन करते हैं।

(ii) उत्पादन इकाइयों के लिए वस्तुएं बनाते हैं।

(iii) सेवाओं के उत्पादन में सहायक।

(iv) देश को आत्मनिर्भर बनाने में सहायक।

(v) निर्यात को प्रोत्साहन।

(vi) जीविका अर्जन का साधन।

(vii) प्राकृतिक संसाधनों के शोषण में सहायक।

विवरण = 1 × 4 = 4

व्याख्या = 1 × 4 = 4

समूह 'ख'

31. कोई **दो** कारण

    (i) भारतीय समाज में स्त्रियों को निम्न दर्जा।

    (ii) महिलाओं में कुपोषण।

    (iii) जनगणना में स्त्रियों की कम गणना।

    (iv) स्त्रियों की कम आयु में शादी। $\frac{1}{2} \times 2 = 1$

32. जनसंख्या घनत्व से अभिप्राय कुल जनसंख्या और कुल क्षेत्रफल के बीच अनुपात से है। यानि प्रति वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में बसे व्यक्तियों की औसत संख्या।

33. वस्तुओं के निर्यात मूल्य और आयात मूल्य का अंतर व्यापार संतुलन है जबकि व्यापार संतुलन और अदृश्य संतुलन का योग चालू खाते का संतुलन है। $1 + 1 = 2$

34. कोई **दो** उपायः

    (i) सरकारी अस्पतालों में गर्भ निरोधक व परिवार नियोजन सेवाएं उपलब्ध कराना।

    (ii) स्त्रियों की विवाह योग्य आयु बढ़ाकर 18 वर्ष व पुरुषों की 21 वर्ष करना।

    (iii) लोगों को परिवार नियोजन और छोटा परिवार अपनाने के लिए प्रेरित करना।

    (iv) स्त्रियों की शिक्षा पर अधिक ध्यान देना। $1 \times 2 = 2$

35. कोई **दो**

    (i) बचत पर प्रतिकूल प्रभाव।

    (ii) बेरोजगारी की समस्या में वृद्धि।

    (iii) तेज गति से विकास में रुकावट।

    (iv) जीवन की गुणवत्ता के सुधार में रुकावट। $1 \times 2 = 2$

36. जैसे-जैसे आर्थिक संवृद्धि होती है आय का स्तर बढ़ता है जिससे जीवन स्तर में सुधार आता है। चिकित्सा व सफाई सुविधाओं में सुधार आता है। कुछ बीमारियां समाप्त हो जाती हैं। इन सबका मृत्यु दर पर सीधा प्रभाव पड़ता है और यह तेजी से गिरती है। जन्मदर में भी थोड़ी सी कमी आती है। जन्म दर में थोड़ी कमी का कारण है लोगों की जीवन, मृत्यु और धार्मिक विश्वासों के प्रति जड़ विचार। परिणामस्वरूप जनसंख्या में वृद्धि की दर तेजी से बढ़ती है । 4

37. विदेशी प्रत्यक्ष निवेश के **लाभ**

    (i) यह घरेलू निवेश की कमी को पूरा करता है।

    (ii) भुगतान संतुलन में इससे कोई समस्या नहीं होती।

    (iii) अंतरराष्ट्रीय ऋण की वापसी से संबंधित कोई समस्या नहीं होती।

    (iv) आधुनिक प्रौद्योगिकी और कुशल प्रबंध तकनीकों को अपनाने में सहायक।

विवरण = $\frac{1}{2} \times 4 = 2$

व्याख्या = $\frac{1}{2} \times 4 = 2$

हानियां

(i) घरेलू उद्यमों को क्षति पहुंचा कर विकास में रुकावट।

(ii) ऊँचे लाभ वाले उद्योगों की ओर प्रवाहित।

(iii) प्रौद्योगिकी के आधुनिकीकरण में सहायक नहीं।

(iv) भुगतान संतुलन की समस्या को जन्म देता है।

विवरण = $\frac{1}{2} \times 4 = 2$

व्याख्या = $\frac{1}{2} \times 4 = 2$